**प्रेस रिलीज**

## 31 मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वर्ष के वित्तीय परिणाम

### वित्तीय वर्ष 2022 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वर्ष के  प्रमुख वैशिष्ट्य

- बैंक ने  विगत वर्ष के ₹ (888) करोड की हानि  की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर व्यापक परिवर्तन सहित वर्ष के दौरान **₹ 1045 करोड (217.68%)** का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, तथा तिमाही दर तिमाही आधार पर वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान **₹ 310 करोड (11.11%)** का शुद्ध लाभ अर्जित किया है.
- बैंक ने  विगत वर्ष के ₹ 4579 करोड की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर **₹ 5742 करोड (25.40%)** का परिचालन लाभ अर्जित किया है, तथा तिमाही दर तिमाही आधार पर वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान **₹ 1813 करोड (44.69%)** का परिचालन लाभ अर्जित किया है.
- **कासा** जमायें ₹161926 करोड की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 6.52% की वृद्धि सहित **₹172480** करोड हो गई.  मार्च 2022 को कुल जमाओं में कासा जमायें बढकर 50.58% हो गई हैं.
- सकल एनपीए वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.55% से सुधर कर **14.84%** हो गया, जो कि **171 बीपीएस** का सुधार दर्शाता है तथा तिमाही दर तिमाही आधार पर 15.16% से सुधर  कर 14.84% हो गया, जो कि **32 बीपीएस** का सुधार दर्शाता है.

- शुद्ध एनपीए वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.77% से सुधर  कर **3.97%** हो गया, जो कि **180 बीपीएस** का सुधार दर्शाता है तथा तिमाही दर तिमाही आधार पर 4.39% से सुधर  कर 3.97% हो गया, जो कि **42 बीपीएस** का सुधार दर्शाता है.

- प्रावधान कवरेज अनुपात (पी सी आर) वित्त वर्ष **2020-21** के **82.54%** से सुधरकर वित्त वर्ष **2021-22** में **86.69%** हो गया जो कि 415 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.

### व्यवसाय विशेषताएँ

- कुल व्यवसाय **₹ 506886  करोड़** से वर्ष दर वर्ष आधार पर **5.03%** की वृद्धि सहित ₹ 532404 करोड़ हो गया.
- कुल जमाएँ 31 मार्च 2021 के ₹329973 करोड़ की तुलना में ₹12719 करोड़ बढकर 31 मार्च, 2022  को ₹342692 करोड़ हो गई हैं जो वर्ष दर वर्ष आधार पर 3.85% की वृद्धि दर्शाती हैं.
- कासा जमायें ₹161926 करोड की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 6.52% की वृद्धि सहित ₹172480 करोड हो गई. मार्च 2022 को कुल जमाओं में कासा जमायें बढकर 50.58% हो गई हैं.

## आस्ति गुणवत्ता

- वर्ष दर वर्ष आधार पर **सकल एनपीए** 16.55% **से सुधर कर** 14.84% **हो गया, जो कि 171 बीपीएस का सुधार दर्शाता है तथा तिमाही** दर **तिमाही** आधार पर 15.16% **से सुधर कर** 14.84% **हो गया, जो कि 32 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**
- वर्ष दर वर्ष आधार पर **शुद्ध एनपीए 5.**77% **से सुधर कर 3.**97% **हो गया, जो कि 180 बीपीएस का सुधार दर्शाता है तथा तिमाही** दर **तिमाही** आधार पर 4.39% **से सुधर कर 3.**97% **हो गया, जो कि 42 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वित्त वर्ष** 2020**-21 के** 82.54% **से सुधरकर वित्त वर्ष** 2021**-22 में** 86.69% **हो गया जो कि 415 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**
- वर्ष दर वर्ष आधार पर **ऋण लागत** 1.41% **से सुधर कर वित्त वर्ष 2022 में 2.95% हो गई जो कि 154 बीपीएस का सुधार दर्शाती है.**
- **स्लीपेज अनुपात वित्त वर्ष** 2020**-21 के 4.40% से घटकर वित्त वर्ष** 2021**-22 में 3.20% हो गया है जो कि 120 बीपीएस का सुधार दर्शाता है.**

## लाभप्रदता

- **शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) ₹8245 करोड़ से सुधरकर वित्त वर्ष** 2021**-22** हेतु **₹ 9487 करोड़ (15.07 %) हो गयी है.**
- वित्त वर्ष **2022** हेतु शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.78% से सुधरकर **3.21%** हो गयी है जो कि **43 बीपीएस** का सुधार दर्शाता है. वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के 2.04% की तुलना में वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान यह सुधरकर **3.26%** हो गया.
- विगत वर्ष के ₹ 4579 करोड की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर सतत निष्पादन सहित बैंक ने ₹ 5742 करोड (25.40%) का परिचालन लाभ अर्जित किया है तथा तिमाही दर तिमाही आधार पर वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान ₹ 1813 करोड (44.69%) का परिचालन लाभ अर्जित किया है.
- विगत वर्ष के **53.90%** की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर आय लागत अनुपात वित्त वर्ष 2021-22 हेतु 59.70% हो गया जो कि 580 बीपीएस का सुधार दर्शाता है. वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान यह तिमाही दर तिमाही आधार पर सुधरकर **40.56% (2046 बीपीएस)** हो गया
- आस्तियों पर प्रतिफल वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान -0.26%से सुधरकर 0.30% (56 बीपीएस) हो गया. वित्त वर्ष 2022 के दौरान यह 0.33%से बढकर तिमाही दर तिमाही आधार पर 0.36% (3 बीपीएस) हो गया.
- अग्रिमों पर प्रतिफल वर्ष **2021 की चौथी तिमाही** के 4.98% की तुलना में वर्ष **2022 की चौथी तिमाही** में 6.54% रहा.

- प्रति कर्मचारी **व्यवसाय** वर्ष दर वर्ष आधार पर ₹15.60 करोड़ **से 9.93% बढकर** वित्त वर्ष 2022 में **₹17.15 करोड़** हो गया तथा वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान यह तिमाही दर तिमाही आधार पर ₹16.87 करोड़ से 3.85% बढकर **₹17.52 करोड़** हो गया.

## डिजिटल बैंकिंग

- 31 मार्च 2021 को समाप्त समान अवधि की तुलना में 31 मार्च 2022 को समाप्त 12 महीनों की अवधि के दौरान वैकल्पिक सेवा प्रदाता चैनल (एडीसी)के माध्यम से डिजिटल लेनदेन का अंश 77.63% से बढकर 78.05% **हो गया**.

## शाखा वर्गीकरण

- दिनांक 31 मार्च, 2022 को 4528 शाखाओं के नेटवर्क के साथ बैंक की देशव्यापी उपस्थिति है, जिनमें ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में 65% (2934 शाखाएं), 2976 एटीएम एवं 10299 बीसी पाइंटों सहित कुल 17803 टच पाइंट हैं.